हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 23 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 रेलवे गुड्स शेड रैक पॉइंट पहुंचने के लिए अब तक नहीं बनी पक्की सड़क




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अध्यक्ष बैज आज सरगुजा में

**अंबिकापुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ग्राम और बूथ कमेटियों के गठन के लिए प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज 23 मार्च को सरगुजा जिले के दौरे पर आ रहे हैं। कांग्रेस ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को एक निर्धारित समय सीमा में गांव और शहर के वार्ड में ग्राम एवं वार्ड कमेटियों के साथ ही साथ पोलिंग बूथ में बूथ कमेटियों के गठन का निर्णय लिया है। इसके तहत 23 मार्च को प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज अम्बिकापुर, लुंड्रा और सीतापुर में ग्राम, वार्ड कमेटियों और बूथ कमेटियों का गठन करेंगे। सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने बताया कि जशपुर जिले का दौरा करते हुए सरगुजा प्रवेश के दौरान वे दोपहर 2 बजे बतौली के बोदा गांव में ग्राम कमेटी और बूथ कमेटी का गठन कर उसकी बैठक लेंगे। इसके उपरांत 4 बजे लुंड्रा विकासखंड के ग्राम बटवाही में ग्राम और बूथ कमेटी का गठन कर उसकी बैठक को संबोधित करेंगे।

### संस्थानों के चयन हेतु आवेदन 16 अप्रैल तक

अम्बिकापुर। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सरगुजा जिले के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों के नीट-जेईई कोचिंग हेतु कोचिंग संस्थान के चयन-चिन्हांकन हेतु आवेदन प्रस्ताव 16 मार्च तक मंगाए गए थे। कोचिंग संस्थानों के पर्याप्त प्रस्ताव नहीं प्राप्त होने के कारण आवेदन प्रस्ताव जमा करने की तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की गई है। इच्छुक कोचिंग संस्थान अपना आवेदन प्रस्ताव निर्धारित शर्तों के अधीन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अम्बिकापुर में 16 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

### कर्मचारियों ने चार कुत्तों को संजय वाटिका से बाहर खदेड़ा

# तीन ओर 6 फीट ऊंची दीवार, कंटीले तार फिर भी कुत्ते वाटिका में घुसे

*जिस संजय वन वाटिका में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत हुई है उस वाटिका के पूरब एवं उत्तर दिशा से अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 343 गुजरी रही है। वाटिका के दक्षिण दिशा में वरिष्ठ वन अधिकारियों की रिहायशी कॉलोनी एवं विभाग का रेस्ट हाउस है। वाटिका के दक्षिण दिशा में काष्ठागार व चंदन का जंगल है। संजय वन वाटिका के तीन तरफ 6 फीट ऊंची पक्की दीवार है जबकि पीछे के हिस्से में कंटीले तार व घनी झाड़ियों का घेरा है। वन अधिकारी पीछे के हिस्से के घेराव का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त होने एवं इसी रास्ते से आवारा कुत्तों के हिरणों के बाड़े में घुसने एवं हिरणों पर हमला करने की बात कह रहे हैं।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बताया जा रहा है कि रात में हलचल सुनकर चौकीदार की नींद खुली तो उसने परिसर में निवासरत कर्मचारियों को फोन किया। कर्मचारी बाड़े में पहुंचे तो चार कुत्तों को हिरणों पर हमला करते देख उन्हें बाहर खदेड़ा। पिछले दो सालों से वाटिका का संचालन वन अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभ में वाटिका में सजावटी, फूलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए थे। बाद में राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण वाटिका उपेक्षित हो गई थी।

लोगों की लगातार मांग के बाद अधिकारी अन्य मदों की राशि से इसकी देखरेख करा रहे थे। वाटिका की देखरेख में कोई समस्या न हो इसके लिए वन अधिकारियों ने प्रारंभ में ट्वाय ट्रेन, झूला एवं मनोरंजन के अन्य साधनों को विकसित किया। लोगों की भारी भीड़ उमड़ने पर जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में पहुंचने वाले वन्य जीवों एवं पक्षियों को भी रखा जाने लगा तथा पर्यटकों की भीड़ बढ़ने पर वाटिका के संचालन की जिम्मेदारी वन प्रबंधन समिति शंकरघाट को सौंप दी गई। वन प्रबंधन समिति वर्षों से वाटिका की जिम्मेदारी संभाल रही है। वाटिका के साथ ही वन प्रबंधन समिति के कार्यों पर नजर रखने विभाग ने एक डिप्टी रेंजर सहित लगभग आधा दर्जन वनकर्मियों को पदस्थ किया है लेकिन वन अधिकारी सिर्फ वन्यजीवों के चारा खरीदी का हिसाब करने ही उपस्थित होते हैं।





### गर्दन एवं जांघ में मिले घाव

पीएम करने वाले चिकित्सकों के अनुसार सभी मृत हिरणों के गर्दन एवं जांघ के पिछले हिस्से में कुत्तों के हमले के गंभीर घाव मिले हैं। कुत्तों ने एक कोटरी का पेट तक फाड़ दिया था जिससे उसकी अंतड़ियां बाहर निकल गई थी। यह भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि हिरण बेहद संवेदनशील वन्य जीव है तथा खतरा देख भयभीत होकर तेज रफ्तार से भागने लगता है। सदमे के कारण कई बार भागने के दौरान उनकी मौत भी हो जाती है। कई हिरणों की मौत होने के बाद कुत्तों द्वारा हमला करने की संभावना जताई जा रही है।

### बनाया था रेस्क्यू सेंटर

विभाग ने संजय वन वाटिका को रेस्क्यू सेंटर बना दिया था। वाटिका में संभागभर के घायल वन्यजीव पहुंचते हैं। हालाकि वन्यजीवों की देखरेख के लिए वाटिका में कोई पशुचिकित्सक पदस्थ नहीं है। समिति के कर्मचारी ही घायल वन्यजीवों की देखरेख करते हैं। तीन साल पूर्व विभाग ने 60 हिरणों को गुरूघासी दास नेशनल पार्क में छोड़ा था। कुत्तों के हमले में 15 हिरणों की मौत हुई है जिनमें 5 मादा-चीतल, 1 नर चीतल, 15 मादा कोटरा, 1 नर कोटरा, 3 चौसिंघा शामिल हैं।

# भगवान भरोसे छोड़ दी थी वाटिका

संजय वन वाटिका में कुत्तों के हमले में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने के मामले में वन अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस घटना ने वन अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

संजय वन वाटिका की प्राकृतिक सुंदरता एवं वाटिका में रह रहे वन्य जीवों को देखने हर दिन संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से 300 से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। विभाग पर्यटकों से 20 रूपए की दर से राशि वसूलता है। वाटिका से चंद कदमों की दूरी पर ही विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की आवासीय कॉलोनी है लेकिन किसी भी अधिकारी ने वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने की जरूरत नहीं समझी। विभाग द्वारा वाटिका में आधा दर्जन वन कर्मियों को भी पदस्थ किया गया है लेकिन वनकर्मी भी वाटिका की पूरी जिम्मेदारी वन प्रबंधन समिति के भरोसे सौंपकर घर बैठे व्यवस्था संभालने की खानापूर्ति करते रहे।

- हिरणों की मौत के मामले में विभाग की बड़ी लापरवाही
- वन्यजीव प्रेमी उठा रहे तरह-तरह के सवाल

बताया जा रहा है कि दो साल पूर्व वाटिका के पिछले हिस्से में आवारा कुत्तों की भीड़ देख तत्कालीन मुख्य वन संरक्षक ने कड़ी नाराजगी जताई थी तथा समिति के पदाधिकारियों को आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया था। समिति ने इस संबंध में ननि को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की थी। ननि द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई। बताया जा रहा है कि समिति के कर्मचारी गुलेल से हमला कर आवारा कुत्तों को भगाते रहे। वनकर्मी यह सबकुछ जानने के बाद भी चुप्पी साधे रहे तथा समस्या का निराकरण करने के बजाय इसे दबाए रखे। विभाग द्वारा आनन-फानन में मृत हिरणों का पीएम कराने एवं उनका अंतिम संस्कार कराने को लेकर भी लोग तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं तथा कुत्तों के हमले से 15 हिरणों की मौत पर आशंका व्यक्त कर रहे हैं।



### सार्वजनिक हो जांच रिपोर्ट

रिटायर्ड एडिशनल एसपी एवं वन्यजीव व परीक्षी प्रेमी नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि शहरी क्षेत्र के कुत्तों में जंगली कुत्तों की तरह वन्य जीवों का शिकार करने की प्रवृत्ति नहीं होती। 4-5 आवारा कुत्तों द्वारा तड़के 3-4 बजे के मध्य हुए हमले एवं हमले में इतनी अधिक संख्या में हिरणों की मौत किसने देखा है अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। विभाग मामले की जांच करा रही है। जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होना चाहिए ताकि लोग शहरी क्षेत्र के कुत्तों के व्यवहार को जान सकें।

### जू अथॉरिटी की मान्यता जरूरी

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने वन अधिकारियों पर जू अथॉरिटी की अनुमति लिए बिना ही संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर चलाने का आरोप लगाया है उन्होंने बताया कि वन अधिकारी संजय वन वाटिका में जू नहीं रेस्क्यू सेंटर संचालित करने की बात कह रहे हैं। रेस्क्यू सेंटर के लिए भी सेंट्रल जू अथॉरिटी की अनुमति जरूरी है। रेस्क्यू सेंटर में किसी वन्यजीव को प्रदर्शन के लिए नहीं रखा जा सकता। विभाग द्वारा घायल एवं बीमार वन्यजीवों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें जंगल में छोड़ने की बात कहीं जा रही है। यह बात सत्य है तो वाटिका में हिरणों की संख्या 32 कैसे हो गई तथा वाटिका में 2 नीलगाय किस उद्देश्य से रखे गए हैं।

### विभाग एवं समिति के बीच विवाद की चर्चा

लोगों में चर्चा है कि वनकर्मियों एवं समिति के सदस्यों के बीच किसी बात को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। चर्चा में जहर देकर हिरणों को मारने की बात कही जा रही है। सुबह हिरणों के बाड़े के पास एक खून से सना धारदार हथियार भी मिला है। वन अधिकारी हथियार को पीएम करने वाले चिकित्सकों का तथा भूलवश पीएम स्थल पर छूट जाने की बात कह रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर के सामने व अस्पताल परिसर से पार किया बाइक

**धौरपुर।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र में भी बाइक चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। चोरों ने घर के सामने व अस्पताल परिसर से चोरों ने एक ही दिन दो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम सहनपुर निवासी लक्ष्मण सिंह आ. रतिया सोरेन (30 वर्ष) 16 मार्च को भतीजी का शादी कार्ड बाटने ग्राम डडगांव गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बबौली पहुंचा तभी आंधी तूफान के साथ बारिश होने पर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएच 3190 को परिचित के घर के सामने खड़ा कर उसके घर के परछी में खड़ा होकर बारिश रूकने का इंतजार करने लगा। बारिश बंद होने पर घर के बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम पाकजाम बड़ा दमाली निवासी हरिनारायण राजवाड़े आ. गेंदा राजवाड़े धौरपुर अस्पताल में महतारी वाहन चलाने का काम करता है। 16 मार्च की दोपहर ड्यूटी करने अस्पताल पहुंचा और अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 5984 को अस्पताल परिसर में खड़ा कर ड्यूटी करने चला गया। रात लगभग 9 बजे ड्यूटी कर वापस आया तो देखा अस्पताल परिसर से बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### सड़कों पर उड़ती कोयले की धूल से सांस लेना दूभर

**बिजुरी।** थानाक्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 स्थित कपिलधारा कालोनी समीप संचालित कोल साइडिंग अब स्थानीय निवासियों के लिए जी का जंजाल बन गई है। विकास की पटरी पर दौड़ता कोयला आम जनता की जिंदगी में काली मुसीबत बनकर उतरा है। बेतरतीब यातायात, उड़ती डस्ट और नियमों को ताक पर रखकर दौड़ते भारी वाहनों ने कोयलांचल वासियों के जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। कोयले के परिवहन से उड़ने वाली महीन धूल ने पूरे इलाके को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। आलम यह है कि लोगों के घरों, दुकानों और यहां तक कि खाने-पीने की वस्तुओं पर भी काली परत जमने लगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे अपने ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि हवा में घुली यह धूल दमा, एलर्जी और सिलिकोसिस जैसी घातक बीमारियों का कारण बन रही है। नियमों के मुताबिक कोयला लदे वाहनों को तिरपाल से ढंकना अनिवार्य है, लेकिन थानाक्षेत्र की सड़कों पर इसका खुला उल्लंघन हो रहा है। तेज रफ्तार से दौड़ते ये वाहन न केवल प्रदूषण फैला रहे हैं, बल्कि इनसे गिरने वाले कोयले के टुकड़े सड़कों पर फिसलन पैदा कर रहे हैं। दुपहिया वाहन चालक आए दिन इन टुकड़ों की वजह से दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। मुख्य मार्गों पर कोयला परिवहन में लगे ट्रकों और हाइवा वाहनों की लंबी कतारें आम बात हो गई है। कोल साईडिंग के मुख्य द्वार पर स्थित मुख्य सड़क मार्ग के किनारे बेतरतीब खड़े ये वाहन घंटों जाम की स्थिति पैदा करते रहते हैं। स्कूल बसें हों या आपातकालीन एंबुलेंस, सभी को इस ट्रैफिक जाम से गुजरना पड़ता है।

### 10 घंटे ड्यूटी और संडे अवकाश को लेकर बहिष्कार

# चरचा ईस्ट खदान में कामगारों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा ईस्ट खदान में कार्यरत कामगारों ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध तेज कर दिया है।

रविवार को रीले-सी पाली के सभी कामगारों ने संडे ड्यूटी का सामूहिक बहिष्कार करते हुए काम बंद कर दिया और अपनी नाराजगी जताई। कामगारों का आरोप है कि उनसे निर्धारित 8 घंटे के बजाय 10 घंटे तक काम कराया जा रहा है, जबकि भुगतान केवल 8 घंटे का ही किया जाता है। इसके साथ ही प्रबंधन द्वारा यह शर्त रखी जा रही है कि 10 घंटे काम करने पर ही साप्ताहिक अवकाश (संडे) दिया जाएगा। इस व्यवस्था से कर्मचारियों में भारी असंतोष है। कामगारों का कहना है कि नियमित रूप से काम करने वाले कर्मचारियों को भी साप्ताहिक अवकाश से वंचित रखा जा रहा है, जो श्रम कानूनों के खिलाफ है। इसी के विरोध में तीनों पालियों के कामगारों ने एकजुट होकर संडे ड्यूटी का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। निर्णय के तहत रविवार को रीले-सी पाली के सभी कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे और खदान से वापस लौट गए। कामगारों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया जाएगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर वे पूर्ण कार्य बहिष्कार, धरना-प्रदर्शन और उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपने जैसी रणनीति भी अपनाएंगे। कामगारों ने कहा कि श्रम कानूनों के अनुसार 8 घंटे से अधिक कार्य लेने पर ओवरटाइम का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन प्रबंधन द्वारा इस नियम की अनदेखी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक इस मुद्दे को लेकर यूनियन पदाधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं और जल्द ही प्रबंधन के साथ बैठक होने की संभावना है। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट किया है कि वे कामगारों के हितों से समझौता नहीं करेंगे। इधर अचानक हुए इस बहिष्कार से खदान के उत्पादन कार्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो इसका प्रभाव क्षेत्र की कोयला आपूर्ति पर भी पड़ सकता है। फिलहाल सभी की नजरें प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं कि वे कामगारों की समस्याओं का समाधान किस प्रकार करते हैं।

# मौसम शुष्क होने से अब बढ़ेगा तापमान

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में चार-पॉच दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ था, इस दौरान जिले के कई जगहों पर बारिश व बुंदाबांदी हुई, लेकिन कही पर भी बारिश के दौरान ओलावृष्टि नहीं हुई। यदि इस दौरान बारिश के साथ ओलोवृष्टि होती तो गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंच सकता था, इसके अलावा टमाटर सहित अन्य तरह के सब्जियों को भी नुकसान पहुंच सकता था, लेकिन रविवार से आसमान पूरी तरह से साफ हो गई, इससे किसानों से राहत की सांस ली।

वहीं जिले के जिन क्षेत्रों में गेहूं की फसल पककर तैयार हो गई,वहां कटाई शुरू हो गई है, जबकि जिन क्षेत्रों में गेहूं पूरी तरह से पकी नहीं है वहां कुछ दिनों बाद गेहूं की कटाई का कार्य शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि जिले के पटना क्षेत्र में सबसे अधिक रकबा में गेहूं की फसल किसानों द्वारा ली जाती है, जबकि बैकुंठपुर क्षेत्र में नहर की सुविधा होने के बावजूद गेहूं बोआई का रकबा कम ही है। रविवार से मौसम के शुष्क होने से अब किसानों की चिंता दूर हो गई है। रविवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह से साफ हो गया था और दिनभर आसमान साफ रहने के कारण सूर्य की धूप खिली रही। मौसम खुलने के बाद तापमान में बढ़ोतरी हुई और इसके बाद लगातार अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होती जाएगी।



**तापमान गिरावट से हल्की ठंड**

लगातार कई दिनों तक बादल भरा मौसम रहने एवं इस दौरान बे मौसम बारिश व बूंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट आई गई थी, लेकिन रविवार से मौसम पूरी तरह से शुष्क बना रहा। इस दिन सुबह के समय कुछ घंटे तक हल्की ठंड का असर के कारण लोगों को सुबह के समय धूप का आनंद लेते भी देखे गए। लगातार मौसम के शुष्क रहने से तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्मी में तेजी आएगी।

# विश्व जल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में पानी की एक बूंद का महत्व विषय पर जल संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस के निर्देशन एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमित यादव 1 छग बटालियन कोरबा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि विश्व जल दिवस प्रतिवर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को जल के महत्व के प्रति जागरूक करना और जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर जल की उपलब्धता अधिक होने के बावजूद पीने योग्य जल सीमित है, इसलिए इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ व्याख्याता प्रभात मिश्रा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए जल के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दिया और वर्षा जल संचयन तथा जल के पुनः उपयोग जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी। वहीं व्याख्याता श्रीमती कल्पना जायसवाल ने स्वच्छ जल के महत्व को रेखांकित करते हुए जल प्रदूषण रोकने की आवश्यकता बताई। व्याख्याता श्रीमती रत्ना पटेल ने कहा कि जल संरक्षण के प्रति अभी से सजग रहना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षित रह सके। कैडेट्स को दैनिक जीवन में छोटे-छोटे उपाय अपनाने, जैसे अनावश्यक नल खुला न छोड़ना और जल का सीमित उपयोग करने की सीख दी गई। प्रभारी प्राचार्य व्हीजे मित्रा ने जल ही जीवन है का संदेश देते हुए सभी को जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया और गांव स्तर पर भी जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

### वसुधा सामान्य ज्ञान स्पर्धा के परिणाम घोषित

**अंबिकापुर।** वसुधा महिला मंच द्वारा शारदीय नवरात्रि पर मंच की सदस्यों सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची जारी की गई है। वसुधा महिला मंच द्वारा श्वेता सिंह राणा को प्रथम, रिया तिवारी, रेणु कुमार को द्वितीय, मुक्ता गुप्ता, आशा गुप्ता को तृतीय घोषित किया है। वसुधा सदस्यों में प्रथम अनुभा डबराल, द्वितीय चयती अग्रवाल, तृतीय वन्दना सिंह एवं स्मिता तिवारी को घोषित किया गया। संयोजिका वंदना दत्ता ने बताया कि 23 मार्च को गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित देवी जस गीत कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा।

# म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**अनूपपुर।** बैंक खातों म्यूल अकाउंट के जरिए हो रही ऑनलाइन ठगी के एक बड़े गिरोह का पुलिस ने पदार्फाश किया है। थाना कोतमा पुलिस ने इस मामले में अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। गिरोह का मुख्य सरगना दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। 27 फरवरी 2026 को ग्राम पडोर निवासी दीपक केवट ने थाना कोतमा में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में बताया गया कि कुछ लोग सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ग्रामीणों के बैंक खाते खुलवाते थे और उनके एटीएम कार्ड, पासबुक व सिम कार्ड अपने पास रख लेते थे। बाद में इन खातों का उपयोग धोखाधड़ी के लिए किया जाता था। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी बादल सोनी उर्फ जिमी और उसके साथी लोगों के बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज मुंबई भेजे जाते थे, जहां से इन्हें दुबई में बैठे सरगना तक पहुंचाया जाता था। वहां से इन खातों के जरिए अवैध लेन-देन और ऑनलाइन ठगी की जाती थी।

पुलिस टीम ने मुंबई में दबिश देकर आरोपी दीपक यादव उर्फ फिलिप को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सामान बरामद हुआ। इनमें 145 एटीएम कार्ड, 23 सिम कार्ड, 20 पासबुक, 5 चेकबुक, 14 मोबाइल फोन,1 लैपटॉप व 1 राउटर रहा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दुबई में बैठे सरगना हितेश नंदवानी, विशाल जत्यानी और पंकज सुखनानी के निर्देश पर काम करता था और रोजाना 10 से 12 लाख रूपए तक की निकासी करता था।

# ग्राम पंचायत में आवास चौपाल आज, 198 आवास अब भी अधूरे




हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरमी में आवास योजनाओं की धीमी प्रगति को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना एवं जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवासों की समीक्षा के लिए आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत चिरमी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 261 आवास स्वीकृत हुए थे। इनमें से अब तक केवल 63 आवास पूर्ण हो पाए हैं, जबकि 80 आवास निमार्णाधीन हैं। शेष 198 आवास अभी भी अधूरे हैं, जिससे योजना की प्रगति काफी धीमी नजर आ रही है। आवासों की भौतिक स्थिति में सुस्ती को देखते हुए प्रशासन द्वारा चौपाल आयोजित कर लाभार्थियों की समस्याएं सुनी जाएंगी और निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस चौपाल में प्रथम एवं द्वितीय किस्त प्राप्त सभी हितग्राहियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.पन्ना ने निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट एवं सामग्री प्रदाता अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा सके। प्रशासन का उद्देश्य है कि लंबित आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

### सिलफिली में 3 अप्रैल को खाटू श्याम कीर्तन दरबार का आयोजन, तैयारियां जोरों पर

**बिश्रामपुर।** श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा आगामी 3 अप्रैल को सिलफिली हाई स्कूल ग्राउंड में पंचम श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है,श्री श्याम सेवा समिति ने बताया कि श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से परविंदर पलक फतेहाबाद से, मोनू दुआ चंडीगढ़ से चैतन्य दाधीच जयपुर से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। कीर्तन में सूरजपुर के पप्पू महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा।प

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर श्राबनी चक्रवर्ती के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्टीय सेवा योजना के तत्वाधान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर चक्रवर्ती ने छात्र-छात्राओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में कार्य करने का दिशा-निर्देश देते हुए कचरे के मूल स्त्रोत से ही इसके पृथक्करण तथा गीले-सूखे कचरे को अलग कर इसका प्रबंधन करते हुए परिसर में रखे कूड़ेदान एवं पेन बिन के प्रयोग के लिए विद्यार्थियों को जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ.नसीम बेगम अंसारी ने चक्रीय अर्थव्यवस्था के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संतुलित करने की बात कही तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था के महत्व को बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी टिकाऊ आर्थिक प्रणाली है जो पुनःउपयोग, मरम्मत, नवीनीकरण एवं पुर्नचक्रण पर टिकी है। यह मॉडल एक बंद लूप प्रणाली बनता है, जहां एक प्रक्रिया का अपशिष्ट दूसरी प्रक्रिया के लिए संसाधन बन जाता है। वाणिज्य संकाय की विभागाध्यक्ष श्रीमती स्मृति अग्रवाल ने महाविद्यालय को इस दिशा में जागरूक रहने का संदेश दिया साथ ही महाविद्यालय परिसर में रखें पेन बिन के प्रयोग के लिए प्रेरित किया। प्राणी शास्त्र की विभाग अध्यक्ष डॉ.अरुणिमा दत्त ने छात्र-छात्राओं को प्रयोगशाला के जैव अपशिष्ट प्रबंधन तथा इसके निस्तारण के उपाय बताएं। इस कार्यक्रम में डॉ.सरोज बाला शियाग विश्वनोई, डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ.सुशील कुमार तिवारी, रणजीतमनी सतनामी, स्मृति अग्रवाल, अनुपा तिग्गा, सुनील गुप्ता, कमलेश पटेल, सुशील छात्रे एवं महाविद्यालय के कार्यालयीन स्टॉफ, रासेयो स्वयंसेवक सहित महाविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं कार्यक्रम में सक्रिय उपस्थिति रही।

# सुखदेव बने जिला संयोजक





**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नई घोषणा जारी कर दी गई है। इस सूची में कोरिया जिले से कई महत्वपूर्ण पदों पर अनुभवी एवं सक्रिय नेताओं को दायित्व सौंपे गए हैं। जारी सूची में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सुखदेव राजवाड़े को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन में उनके दीर्घ अनुभव, सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए यह नियुक्ति जिले के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इसी प्रकार बैकुंठपुर की श्रीमती माधुरी गुप्ता को जिला सह-संयोजक का दायित्व सौपा गया है। महिलाओं के बीच उनकी प्रभावी पकड़ एवं सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रियता को देखते हुए यह नियुक्ति संगठन को नए आयाम देगी। प्रदेश स्तर पर भी कोरिया जिले को महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। जारी प्रदेश कार्यसमिति सूची में वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवधारी यादव को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। मजदूर वर्ग तथा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच लंबे समय से किए जा रहे उनके कार्यों को संगठन ने सराहा है। इन नियुक्तियों से कोरिया जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने बधाई दी है। उन्होंने नवनियुक्त तीनों नेताओं के लिए कहा कि सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में सुखदेव राजवाड़े की नियुक्ति से जिले में सांस्कृतिक, सामाजिक एवं युवा गतिविधि, खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

■ भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की घोषणा: कोरिया जिले को मिला मजबूत नेतृत्व

# विश्व कविता दिवस पर व साहित्यिक विमर्श एवं काव्य पाठ



**मनेन्द्रगढ़।** विश्व कविता दिवस के अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकारों के द्वारा साहित्य में काव्यात्मक अभिव्यक्ति की सशक्त विधा- काव्य विषय पर विचार-विमर्श किया गया। परिचर्चा में वरिष्ठ रचनाकार जगदीश पाठक, श्रवण कुमार उरमालिया, गंगा प्रसाद मिश्र, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, सतीश उपाध्याय, मृत्युंजय सोनी, अनामिका चक्रवर्ती, श्याम सुंदर निगम, विजय गुप्ता ने विश्व कविता दिवस पर कविता के क्षेत्र में सफलता पाने वाले साहित्यकारों की कविताओं का उल्लेख किया एवं साहित्य में कविता के महत्व को प्रतिपादित किया। वरिष्ठ साहित्यकार गंगा प्रसाद मिश्रा के निवास में आयोजित द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी का आयोजन कार्यक्रम अध्यक्ष श्रवण कुमार उर्मिलिया एवं विशिष्ट अतिथि कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक की उपस्थिति में किया गया। उपस्थित कवियों में श्रवण कुमार उरमालिया, जगदीश पाठक, गंगा प्रसाद मिश्र, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, सतीश उपाध्याय, अनामिका चक्रवर्ती मृत्युंजय सोनी, पुष्कर तिवारी, विजय गुप्ता, राजेश बुंदेला ने अपनी कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रचनाकार सतीश उपाध्याय ने किया। विश्व कविता दिवस पर मनेद्रगढ़ की माटी से जुड़े अंतरराष्टीय पहचान बन चुके वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज के साहित्य में शीर्ष योगदान की चर्चा की गई।

### युवक ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** बढ़ते कर्ज के तनाव से परेशान होकर ग्राम रविंद्रनगर निवासी एक युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम रविंद्रनगर निवासी सीलिंग सेंट्रिंग का काम करने वाला 35 वर्षीय राजेश राय पिता दीपक राय ने गुरुवार की रात घर में अपने कमरे में सोने गया,जहां पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजन ने आशंका जताई है कि युवक कर्ज की वजह से काफी तनाव में रहता था, जिस वजह से उसने उक्त घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक की पत्नी भी गुरुवार को ही अपने मायके जाने घर से निकली थी।




गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### ग्राम भगवानपुर खुर्द में बाल चेतना शिविर का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस एवं स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र तथा चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा ग्राम भगवानपुर खुर्द में तीन दिवसीय बाल चेतना शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी जी कर्मयोग राज्य समन्वयक आर्ट ऑफ लिविंग छत्तीसगढ़ सह सरगुजा शिविर के प्रथम दिवस बच्चों ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी, मंगल पाण्डेय, सुनिधि शुक्ला और रेवती पाण्डेय ने नैतिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, खेलों के माध्यम से भी बच्चों को जागरूक किया गया। सदस्यों ने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु यह अभियान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर जारी रहेगा।

### संजय पार्क में आवारा कुत्तों के हमले से लगभग 15 हिरणों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण

**अम्बिकापुर।** शहर के संजय पार्क में आवारा कुत्तों के हमले से लगभग 15 हिरणों की मौत हो जाने के मामले को छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी



अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज़ आलम गांधी ने दुर्भाग्यपूर्ण होना बताया। परवेज़ आलम गांधी ने बताया कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि वन्यजीवों की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। रेस्क्यू सेंटर जैसे स्थान जहां घायल और संरक्षित वन्य जीवों को सुरक्षा प्रदान की जाती है, वहां इस प्रकार की घटना होना कई सवाल खड़े करता है। यह स्पष्ट करता है कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे या फिर उनकी सही तरीके से निगरानी नहीं हो रही थी। परवेज़ गांधी ने वन विभाग से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

### कच्ची महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

सक्ती। कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 50 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। इस संबंध में सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी स्थित ठाकुर डबरी में कुछ व्यक्तियों द्वारा हाथ भट्ठी के माध्यम से अवैध कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई।

## निधन

### कुलदीप सिंह(होल्डर)

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल आवासीय हॉस्पिटल कालोनी झुग्गी बस्ती बिश्रामपुर निवासी कुलदीप



सिंह उर्फ होल्डर की बीती रात हृदयाघात से निधन हो गया, वे 45 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र अमनदीप सिंह ने दी। वे अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र समेत भरापूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

## एक राष्ट्र-एक उर्वरक योजना के तहत किसानों को करना था वितरण

# जमड़ी सहकारी समिति में 100 बोरी से अधिक उर्वरक खराब, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- देख रेख के अभाव में खराब हो गई उर्वरक

खेती किसानी के मौसम में उर्वरक किसानों के लिए क्या महत्व रखता है यह किसानों के अलावा कोई दूसरा नहीं बता सकता। अगर फसल लगाने के शुरुआती दिनों में उर्वरक किसानों को मिल जाए तो न सिर्फ पैदावार अच्छी होती है बल्कि फसल को लेकर किसानों की चिंता भी काफी कम हो जाती है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसान उर्वरक की किल्लत से जूझ रहे थे तब उन्हें समय पर उर्वरक नहीं मिली वहीं अब समिति प्रबंधन की लापरवाही के कारण गोदाम में ही 100 बोरी उर्वरक खराब हो गई। ऐसे में समिति प्रबंधन की लापरवाही साफ उजागर होती है।

बरसात के शुरू होते ही जहां खेती किसानी का कार्य शुरू हो जाता है ऐसे में खाद बीज की दुकान की संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। जो बिना लाइसेंस या कृषि विभाग, खाद विभाग के लिस्ट में नहीं रहते और मनमानी तरीके से दुकान खोलकर अनाप-शनाप दर पर खाद-बीज की बिक्री करते है। किसानों को उर्वरक समय पर सस्ती दर पर उपलब्ध हो इसके लिए सरकार की एक राष्ट्र–एक उर्वरक योजना के तहत उपलब्ध कराया जाता है, जिसका उद्देश्य किसानों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध कराना है। लेकिन जमडी समिति में इस योजना की जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत नजर आई। क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित जमडी में सरकारी उर्वरक उपलब्ध कराई गई थी जिसे किसानों को वितरण करना था। हैरानी की बात यह है कि समिति के गोदाम मे बड़ी पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध थे बावजूद इसके किसानों को समय पर उर्वरक नसीब नहीं हो सका। इधर जब गोदाम का निरीक्षण किया गया तो गोदाम में रखी 100 से अधिक बोरी उर्वरक पूरी तरह काला पड़कर सख्त हो चुकी पाई गई, जो अब किसानों के उपयोग के योग्य नहीं बची है। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में उर्वरक का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जा सके।




जमड़ी सहकारी समिति, इनसेट में खराब उर्वरक।

### समय पर वितरण न होने से हुआ नुकसान

उर्वरक लंबे समय से गोदाम में बिना वितरण के पड़ा रहा। किसानों का आरोप है कि समय पर खाद का वितरण नहीं किया गया, जिसके कारण नमी के कारण पूरी खेप खराब हो गई। यह उर्वरक फसलों की शुरुआती वृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रामीणों ने गोदाम की अव्यवस्थित स्थिति और निगरानी के अभाव को इस नुकसान का मुख्य कारण बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि उचित भंडारण की व्यवस्था नहीं थी, नमी से बचाव के कोई उपाय नहीं किए गए साथ ही ,नियमित निरीक्षण का अभाव रहा जिससे उर्वरक खराब हो गई।

### किसानों को आर्थिक नुकसान

धान रोपाई के बाद फसल विकसित होने के दौरान धान की पैदावार अच्छी हो इसके लिए समय पर फसलों में उर्वरक का छिड़काव करना जरूरी होता है। समिति प्रबंधन की लापरवाही के कारण किसानों को न केवल समय पर खाद नहीं मिल सकी बल्कि उन्हें बाजार से महंगे दाम पर उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ इससे उनकी लागत बढ़ी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

### दूसरे गोदाम में शिफ्ट कर रहे उर्वरक

खराब उर्वरक को दूसरे गोदाम में शिफ्ट किया जा रहा है। ताकि बाकि खाद सुरक्षित रहे। उर्वरक कैसे खराब हो गए इसकी जानकारी नहीं है।

-गणेश पैकरा
समिति प्रबंधक



# चोर पहरी घाट को नहीं काटने पर लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामानुजगंज–बलरामपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित टू-लेन सड़क निर्माण कार्य को लेकर आज उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब चोर पहरी घाट को नहीं काटे जाने तथा नीचे स्थित सड़क को ऊंचा किए जाने के मुद्दे पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। निर्माण कार्य से जुड़े इस निर्णय को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों में असंतोष देखने को मिला। लोगों का मानना था कि यदि चोर पहरी घाट को यथावत छोड़ दिया जाता है, तो भविष्य में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहेगी।

गौरतलब है कि चोर पहरी घाट क्षेत्र लंबे समय से दुर्घटना संभावित स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना था कि टू-लेन सड़क निर्माण का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाना है, ऐसे में यदि घाट को नहीं काटा गया तो दुर्घटनाओं की स्थिति पूर्ववत बनी रहेगी और निर्माण कार्य का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा। इधर विवाद की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की और स्थानीय समस्याओं एवं जनता की चिंताओं से अवगत कराया। वार्ता के दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए चोर पहरी घाट को काटना आवश्यक है, ताकि सड़क पूरी तरह सुरक्षित बन सके। मौके पर नगर पालिका के अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, अरुण केसरी, शैलेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, संटू सहित सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गुप्ता, छोटेलाल समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में घाट कटिंग की मांग रखी। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के बीच हुई चर्चा के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों द्वारा चोर पहरी घाट को काटे जाने पर सहमति प्रदान की गई। इस निर्णय के बाद स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल देखा गया और विवाद की स्थिति शांत हो गई।

### अवैध अतिक्रमण के खिलाफ की गई कार्रवाई

**बलरामपुर।** अटल चौक के पास वर्षों से शासकीय जमीन पर बने शासकीय मकान पर अवैध रूप से रह रहे व्यक्ति को मकान खाली करा कर रविवार को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार अटल चौक का निर्माण जहां पर हुआ है वहां पर अटल परिसर का भी निर्माण करना है जिस पर सभी प्रकार के अतिक्रमण को पूर्व में हटाया जा चुका था लेकिन एक व्यक्ति द्वारा लगातार निर्देश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा था। ऐसे में रविवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर टीम ने अवैध कब्जे को खाली कराने के साथ ही अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही अब उक्त स्थान पर अटल परिसर का निर्माण कराया जाएगा।

# अग्र समाज ने धूमधाम और श्रद्धा के साथ की गणगौर पूजा

**रामानुजगंज।** नगर के अग्र समाज द्वारा गणगौर पूजा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई। यह पारंपरिक पर्व कुल 16 दिनों तक चलता है, जिसमें महिलाएं विशेष रूप से भगवान शिव और माता गौरी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन की मंगलकामना करती हैं। इस वर्ष भी समाज की महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

पूजा के दौरान कनहर नदी के तट पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने गीत-संगीत के साथ गणगौर माता की आराधना की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नदी किनारे सामूहिक पूजा



का दृश्य अत्यंत आकर्षक और आस्था से परिपूर्ण रहा। साथ ही रानी सती मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर माता रानी सती और गणगौर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अग्र समाज के सदस्यों ने बताया कि गणगौर पूजा उनके सांस्कृतिक और धार्मिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि समाज में एकता और पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। अंत में सभी ने सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# रामगढ़ चैत्र नवरात्रि मेले की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

- पानी–बिजली और अव्यवस्था से बढ़ी चिंता

जिले के रामगढ़ में चैत्र नवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए स्थानीय समितियों द्वारा मेला स्थल की साफ-सफाई, मार्ग व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को दुरुस्त कराया जा रहा है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्था बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मेला स्थल पर दुकानों के लिए जगह चिन्हित किए जा रहे हैं और भीड़ नियंत्रण के लिए भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। स्वयं सेवकों की तैनाती के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके बावजूद मेले की तैयारियों के बीच मूलभूत सुविधाओं की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। सबसे बड़ी परेशानी पेयजल और बिजली की है, जो हर साल मेले के दौरान सामने आती है। इस बार भी हालात में खास सुधार नहीं दिख रहा है। विशेष रूप से सीता बेंगरा के पास प्रशासन द्वारा वर्षों पहले लगाया गया सोलर पंप और सिंटेक्स टंकी की हालत बदहाल है। लोगों की सुविधा के लिए लगाए गए चार नल टूटे हैं, जिससे पेयजल व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। इतना ही नहीं इस स्थान के नीचे लंबे समय से सफाई नहीं होने तथा पानी जमाव होने से कीचड़ हो गया है और आसपास गंदगी पसरी हुई है जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पानी, बिजली और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रामगढ़ सीताबेंगरा शेड के समीप ग्राम पंचायत पूटा के सालों पहले सामुदायिक शौचालय 3 अलग अलग बनवाया गया है, इसमें तीनों उपयोग हीन है जो लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।



### समिति की ओर से नहीं मिली कोई व्यवस्था

रामगढ़ में मेला लगाने के लिए पहुंचे डांड़गांव निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले 7 साल से यहां दुकान लगाता हूं, समिति वालों से जगह चिन्हित कराने के बाद खुद के पैसे से 4 ट्रैक्टर मिट्टी फीलिंग करवाना पड़ता है। इसके बाद समिति वालों को अलग से 800 देना पड़ता है। झिरमिट्टी निवासी जगदीश सिंह ने बताया रामगढ़ मेला में पिछले 5 साल से दुकान लगाता हूं। समिति की ओर से किसी प्रकार की सहायता नहीं मिलता है। समिति की ओर से टिकट काटने की प्रेशर रहता है। समिति द्वारा पानी, बिजली की पैसा लेने के बावजूद यह सुविधा नहीं मिल पाता है। समिति के अध्यक्ष मंगल दास ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर रामगढ़ में करीब 200 व्यापारी दुकान लगाते हैं। इनसे जो शुल्क लिया जाता है उसकी मेला में समिति द्वारा साफ सफाई जैसे मूलभूत सुविधा की मेंटेनेंस कार्य में खर्च करते हैं। बाकी बचे हुए पैसे समितियों की कर्मचारियों को देना पड़ता है।

### छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा सनावल का उद्घाटन

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाखा सनावल का उद्घाटन मंत्री रामविचार नेताम एवं उनकी धर्मपत्नी पुष्पा नेताम द्वारा किया गया। उद्घाटन के दौरान अंबिकापुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक नागेन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक खालिद खान सहित शाखा के अन्य कर्मचारी एवं आसपास की शाखाओं के स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री रामविचार नेताम द्वारा महिला समूहों को बचत के प्रतीक के रूप में बैंक पासबुक वितरित की गई। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बैंक की सराहना की तथा किसानों और ग्राहकों को अपने ऋण नियमित रखने का संदेश दिया। साथ ही बैंक द्वारा शाखा के समीप स्थित शासकीय कन्या शाला में एक नए वाटर कूलर का प्रदाय किया गया, जिसका लोकार्पण मंत्री रामविचार नेताम एवं पुष्पा नेताम द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, जिला पंचायत के सभापति मुंशी राम, बद्री यादव, प्रमोद गुप्ता, रामकेश सिंह तथा ग्राम सनावल के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नेताम

**बलरामपुर।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लिलौटी में आयोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

- कृषि मंत्री ने 52 करोड़ से अधिक राशि के 24 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 15 करोड़ 45 लाख 95 हजार रुपये की लागत के साथ सड़क निर्माण कार्य, पीएम जनमन योजना के तहत 34 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से 10 मार्गों में वृहद पुल-पुलिया का निर्माण तथा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से 7 कार्यों, कुल 52 करोड़ 7 लाख 71 हजार के 24 कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास किया।


इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के 11 पंचायतों के 11 कीर्तन मंडलियों को स्वेच्छानुदान के तहत 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। एक समय था जब यह क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा माना जाता था। यहां चलने के लिए ना पक्की सड़कें थीं, ना पुल-पुलिया और ना ही पेयजल एवं बिजली और अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध थी। हमारी सरकार ने सबसे पहले ऐसे क्षेत्रों को चिह्नित कर योजनाबद्ध तरीके से प्रस्ताव तैयार कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। जनता के सहयोग से आज निरंतर इन लक्ष्यों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब को अपना पक्का मकान मिले, जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी, नगरपालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का, जिपं सदस्य मुंशी राम, बद्री यादव, श्रीमती अनिता मरकाम, ग्राम लिलौटी के सरपंच श्री देवनारायण सिंह सहित क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।




### विश्व वानिकी दिवस पर विविध कार्यक्रम

**उदयपुर।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर उदयपुर में वन विभाग द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन विभाग के रेंजर फेंकू चौबे के निर्देशन में संपन्न हुआ। भाजपा महिला मंडल की कल्पना भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई। जिसमें विभिन्न गांवों के सरपंच, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीणों ने सक्रिय योगदान दिया। पौधरोपण के माध्यम से वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया। वन विभाग के कर्मचारियों एवं बीट प्रभारियों ने जंगलों के दोहन, आग से बचाव तथा अन्य चुनौतियों पर प्रकाश डाला और लोगों से जंगलों की सुरक्षा करने की बात कही। वनों से प्राप्त होने वाले लाभों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान महुआ उठाने वाले ग्रामीणों को वन विभाग की ओर से नेट तिरपाल का वितरण किया गया, जो महुआ संग्रहण में सहायक होगा। वन अधिकारियों ने बताया कि गर्मियों के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। आग लगाने वालों के खिलाफ त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी।



न्यायालय नायब तहसीलदार (नावापारा वृत्त)
सीतापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./ /अ-6/2026

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा ग्राम पंचायत पेटला को सूचित किया जाता है, आवेदक गण इंदल आ.रामसुन्दर जाति कुम्हार निवासी ग्राम पेटला तहसील सीतापुर के द्वारा ग्राम पेटला में कुल ख.नं. 03 एवं रकबा 1.045 हे. भूमि अवस्थित है। उक्त राजस्व अभिलेखों से सहखातेदार स्व.दुड आ.हीरामन का नाम को विलोपित किये जाने हेतु आवेदन अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू. राजस्व सन 1959 के तहत आवेदन बी-1, संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/04/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी

**ना. तहसीलदार**
**सीतापुर**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS,DCH,DNB - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले - MBBS,DCH,DNB - नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS,MS (General Surgeon) - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS,DNB,Ortho - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सीतापुर जिला-सरगुजा
(छ.ग.)

**// उपस्थिति हेतु नोटिस //**

रा.अ.प्र.क्र./62/अ-6/2022-23
पेशी दिनांक 27/03/2026

श्री मनोहर गुप्ता आ.जयराम साव
जाति – तेली, तहसील – मैनपाट
जिला – सरगुजा (छ.ग.) .......... अपीलार्थी

बनाम

श्री ओमप्रकाश अग्रवाल आ.स्व.चंदसीराम
जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम – अम्बिकापुर
तहसील-अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.) ............
उत्तरवादी

प्रति,
श्री ओमप्रकाश अग्रवाल आ.स्व.चंदसीराम
जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम-अम्बिकापुर
तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

----0----

अपीलार्थी मनोहर गुप्ता आ.जयराम साव जाति- तेली निवासी ग्राम सीतापुर तहसील-सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय तहसीलदार मैनपाट के रा.प्र.क्र./20/अ-06/2011-12 में पारित आदेश दिनांक 18/04/2012 से क्षुब्ध एवं दुःखी होकर छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 एवं परिसीमा अधिनियम की धारा 05 के तहत अपील आवेदन पेश किया है। जो कि इस न्यायालय में रा.अ.प्र.क्र./62/अ-6/2022-23 के रूप में पंजीबद्ध होकर सुनवायी के लिये लंबित है तथा पेशी दिनांक 27/03/2026 को नियत है।

हम आपको ताकिद करते है कि यदि उक्त वाद भूमि पर आपका कुछ हक हासिल है और ऐसा आप दावा करते हैं तो आप दिनांक 27/03/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में हाजिर हों। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो गैर हाजिरी में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 11/03/2026 को इस न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सीतापुर**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप

### 31 तक अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**अम्बिकापुर।** राज्य में राजस्व संग्रह को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पंजीयन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्य बाधित न हो, इसके लिए अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जारी आदेश के अनुसार मार्च माह के निम्नलिखित 22 मार्च, 28 मार्च, 29 मार्च, व 31 मार्च महावीर जयंती को शासकीय अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालयों में नियमित रूप से पंजीयन कार्य संपादित किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त तिथियों में कार्यालय खुला रखना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखें। इसके साथ ही बैंकों को भी 31 मार्च 2026 तक लेन-देन जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह निर्णय विशेष रूप से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे राजस्व संग्रह प्रभावित न हो और नागरिकों को समय पर सेवाएं मिल सकें।

### काम करने के दौरान प्लेसमेंट कर्मचारी हुआ घायल

**बलरामपुर।** सड़क पर मौजूद विद्युत पोल को हटाने के दौरान नगर पालिका का प्लेसमेंट



कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार को नगर पालिका द्वारा दुर्घटना के कारण टूट कर जगह जगह गिरे हुए स्ट्रीट लाइट पोल को उठाकर नगर पालिका परिषद में रखवाया जा रहा था। इस दौरान स्ट्रीट लाईट पोल को ट्रैक्टर पर लोड करते समय प्लेसमेंट कर्मचारी मिशन रोड निवासी विजय मिंज आ. सवा. राम खेलावन मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया जहां फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। इधर अवकाश के दिन प्लेसमेंट कर्मचारियों से काम कराए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे है। दुर्घटना की जानकारी प्राप्त होते हैं नगरपालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी और अन्य पार्षद तत्काल अस्पताल में पहुंचे व घायल का हाल चाल जाना। इस सम्बन्ध में सीएमओ प्रणव राय का कहना है कि प्लेसमेंट कर्मचारियों का कोई अवकाश नहीं रहता प्रत्येक दिवस कार्य किया जाता है। कर्मचारियों को साप्ताहिक बाजार वाले दिन स्थानीय रूप से छुट्टी दी जाती है।

### राज्य व्यावसायिक पूरक और आईटीआई ट्रेड परीक्षा 1 अप्रैल से

अम्बिकापुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में राज्य व्यावसायिक पूरक परीक्षा (नई एवं पुरानी प्रणाली) और आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा (पुरानी प्रणाली) 1 अप्रैल से आयोजित की जाएंगी। संस्था के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षाएं निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संपन्न होंगी। संस्था द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना परीक्षा फॉर्म 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। प्रशिक्षणार्थी अपने संबंधित प्रशिक्षण अधिकारी या व्यवसाय प्रभारी के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी संस्था की प्रशिक्षण शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

### स्टोन डस्ट से छिड़ककर बनाई गई अस्थाई कच्ची सड़क लोगों के लिए बनी मुसीबत

# रेलवे गुड्स शेड रैक पाइंट पहुंचने के लिए अब तक नहीं बनी पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिश्रामपुर रेलवे रैक प्वाइंट मालधक्का में हाल ही में करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए विकास एवं आधुनिकीकरण कार्य अब स्थानीय लोगों, रेल यात्रियों और रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं,जहां एक ओर रेलवे ने गुड्स शेड को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी सुविधा व पक्की सड़क बनाने की अनदेखी होने से पूरे क्षेत्र में उड़ते धूल के गुब्बारों से संकट परेशानी और बढ़ गई है।गौरतलब है कि सरगुजा संभाग का इकलौता गुड्स शेड बिश्रामपुर में स्थित है, जो पिछले करीब छह दशकों से संचालित हो रहा है। यहां से सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, बीज सहित विभिन्न सामग्रियों का बड़े पैमाने पर रेल माध्यम से परिवहन किया जाता है, जिससे रेलवे को हर वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के बाद केंद्र सरकार की नीतियों के तहत रेलवे के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए इस गुड्स शेड का उन्नयन किया गया।

**खास बात**

- उड़ते धूल के गुब्बारों से आसपास के रिहायसी क्षेत्र के लोगों को हो रही परेशानी



रेलवे गुड्स शेड की कच्ची सड़क।

#### लोडिंग के दौरान उड़ती है धूल

गुड्स शेड के आधुनिकीकरण के दौरान रेलवे ने करीब दो महीने का ब्लॉक लेकर कार्य कराया था। इस अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर स्टेशन के सामने एक अस्थायी रैक प्वाइंट तैयार किया गया था। कार्य पूरा होने के बाद उम्मीद थी कि इस वैकल्पिक प्वाइंट को बंद कर दिया जाएगा, लेकिन अतिरिक्त राजस्व की संभावना को देखते हुए रेलवे ने दोनों रैक प्वाइंट को अभी भी चालू रखा है। रेलवे स्टेशन के सामने बने इस दूसरे रैक प्वाइंट का प्लेटफॉर्म सीमेंटेड नहीं हो पाया है,कच्ची मिट्टी होने से माल लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में धूल उड़ती है। इसका सीधा असर स्टेशन परिसर, रेलवे कार्यालयों और कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारियों पर पड़ रहा है।

#### शिकायत के बाद भी सुधार हेतु नहीं हुई पहल, नाराजगी

स्थानीय परिवहनकर्ताओं और नागरिकों ने इस समस्या को लेकर रेल प्रबंधन को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया है। उन्होंने पक्की सड़क निर्माण, नियमित पानी छिड़काव और धूल नियंत्रण के अन्य उपाय करने की मांग की है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रबंधन अतिरिक्त आय के लाभ लेने के लालच में लोकहित के विपरीत कार्य करा रहा है,स्थानीय जनता और अपने ही कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुविधा की अनदेखी कर रहा है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए और दोनों रैक प्वाइंट पर धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

इस दौरान प्लेटफॉर्म पिचिंग, विंड स्क्रीन की स्थापना, गुड्स शेड की मरम्मत, नए गुड्स कार्यालय का निर्माण और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की स्थापना जैसे कई कार्य कराए गए। इन विकास कार्यों के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों को उम्मीद थी कि स्टेशन पहुंच मार्ग और गुड्स शेड परिसर में पक्की और टिकाऊ सड़क का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम हो सके। लेकिन इसके विपरीत, रेलवे के निर्माण विभाग ने पुराने जर्जर मार्ग को ठीक करने के बजाय उस पर काम चलाने के लिए स्टोन डस्ट डालकर पानी का छिड़काव कर रोलिंग करा दी। यह अस्थायी व्यवस्था अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। रैक प्वाइंट पर रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही होती है, जिससे दिनभर स्टोन डस्ट उड़कर धूल का गुब्बार बन जाता है। यह धूल स्टेशन परिसर, आसपास के बाजार, रेलवे कॉलोनी और रिहायशी इलाकों तक फैल रही है। निरंतर उड़ती धूल के कारण स्थानीय लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों को भी स्टेशन तक पहुंचने और वहां ठहरने में भारी असुविधा हो रही है।

इस संबंध में रेलवे के आईओ डब्ल्यू मनोज गुप्ता ने बताया कि वर्क ऑर्डर एस्टीमेट में जितना काम था वो पूरा करा दिया गया है। सड़क निर्माण के लिए दोबारा से एस्टीमेट बनाने विभाग को भेजा गया गया है। जल्द ही पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा।



## राम प्रताप राजवाड़े ने चंडीगढ़ में दो इवेंट में जीते कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सरकारी सेवा और योग साधना को एक साथ जीने वाले जिले के एक स्वास्थ्यकर्मी ने राष्ट्रीय स्तर पर वह कर दिखाया जो बड़े-बड़े खिलाड़ियों के लिए भी गर्व की बात होती है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत राम प्रताप राजवाड़े ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में दो-दो इवेंट में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले सहित छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

- लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय मंच पर लहराया जिले का परचम

केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के तत्वाधान में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की सिविल सेवाओं के योग प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेने के लिए श्री राजवाड़े ने पहले संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ट्रायल में अपनी जगह पक्की की और फिर चंडीगढ़ के राष्ट्रीय मंच पर 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में आर्टिस्टिक सोलो तथा रिदमिक पेयर दोनों इवेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दोनों में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अर्जित किया। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा उन्हें पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। गत वर्ष ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2024-25 में भी उन्होंने 50 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग में ट्रेडिशनल सोलो इवेंट में स्वर्ण पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया था।

## तीन किलो गांजा के साथ पकड़ा गया ग्रामीण, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर में गांजा बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा है। टीम ने आरोपी के पास से तीन किलो गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम द्वारा लगातार संभाग में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर धर पकड़ करने में जुटी है। इसी बीच संभागीय उड़न दस्ता टीम जब कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र में मदिरा दुकान जांच करने गई थी तभी मुखबिर से सूचना मिला कि जामपारा निवासी लक्ष्मण अपने घर से भारी मात्रा में गांजा रख कर बिक्री कर रहा है। सूचना पर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम जामपारा निवासी लक्ष्मण के घर दबिश दी। लक्ष्मण के घर की तलाश में उसके शयनकक्ष से एक झोले में 2.883 किलोग्राम लगभग तीन किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। टीम ने आरोपी लक्ष्मण के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध दर्ज कर



बैकुंठपुर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि उड़नदस्ता टीम सरगुजा संभाग के सभी जिलों में नशे के सौदागरों पर कार्रवाई कर रही है और आगे भी करेगी।। पूरे सरगुजा संभाग को नशे से मुक्त करने की दिशा में हम प्रयासरत हैं।

# चोरी के शक पर तालिबानी सजा सिर के बाल नोचे, कपड़े भी फाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में चोरी की शक पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि लोगों ने युवक के बाल उखाड़ दिए और उसके कपड़े फाड़ डाले। युवक को दी गई इस तालिबानी सजा का वीडियों भी बनाया गया जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस घटना के बाद जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे है। इधर इस मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की पहचान की जा रही है।

- अर्धनग्न कर मारपीट, शंकरगढ़ थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में 21 मार्च को गांव में सरसों और लगभग 300 रूपए नगद चोरी की बात सामने आई थी। चोरी की शक पर ग्रामीण ने एक युवक को पकड़ लिया और उसे खुद ही सजा देने का निर्णय भी ले लिया। चोरी के शक पर पकड़े गए युवक को मारने पीटने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरोप है कि मारपीट के दौरान युवक के सिर के कुछ हिस्से के बाल को उखाड़ा गया और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए। युवक को अर्धनग्न अवस्था में सड़क पर बिठाया गया और मारपीट की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक खुद को निर्दोष बताता रहा, लेकिन भीड़ का गुस्सा शांत नहीं हुआ। लंबे समय तक चली पिटाई के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान लोगों ने युवक के साथ मारपीट का वीडियो भी बनाया और अब यह वीडियो वायरल हो रहा है। मामला सामने आने के बाद शंकरगढ़ पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है लेकिन इस तरह चोरी के शक पर युवक के साथ मारपीट और मानवता को शर्मसार करने



सड़क अर्धनग्न युवक।

वाली घटना ने कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुद ही कानून को हाथ में लेकर लोगों के साथ मारपीट करने और उन्हें सजा देने की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है।

#### चल रही है कार्रवाई

इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। हम आरोपियों की पहचान करने के साथ ही मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी

## शराबी पति ने पत्नी पर किया सब्बल से हमल, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** गाली देने से मना करने पर शराबी पति ने महिला के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी ने महिला पर सब्बल से वार किया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के ग्राम पर्री पुलिस लाइन गेट के समीप रहने वाली महिला शान्ति राजवाड़े 12 मार्च की दोपहर 3 बजे घर में थी। इसी दौरान महिला का पति मंगल साय राजवाड़े शराब के नशे में धुत होकर घर लौटा और घरेलू बात को लेकर पत्नी के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा था। जब महिला ने गाली देने से मना करने के साथ ही विरोध किया तो आरोपी ने घर में रखे सब्बल से महिला के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पुत्र सुरेंद्र प्रताप और आस पास के लोगों ने सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था। उपचार के बाद महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बाड़ी में बकरी घुसने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**अंबिकापुर।** बकरी के बाड़ी में जाने से नाराज पड़ोसी ने ग्रामीण के साथ ही गाली गलौज करने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। चेन्द्रा चौकी अंतर्गत ग्राम जाज निवासी किसान प्रेम सिंह टेकाम ने 21 मार्च की शाम 4 बजे अपनी बकरियों को चरने के लिए छोड़ा था। इस दौरान ग्रामीण की बकरी पड़ोसी राम चन्दर सिंह के बाड़ी में चली गई। जब ग्रामीण अपनी बकरी को लेने के लिए रामचंद्र सिंह के बाड़ी में गया तो आरोपी शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। इस घटना में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी सोनकुंवर, ग्रामीण गायत्री सिंह, हीरा लाल शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव किया।

# सरगुजा ओलंपिक 2026 : दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा ओलम्पिक की संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने अपनी खेत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने जिले के विभिन्न विधाओं में खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने जिलों का नाम रौशन किया है। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता का समापन अब सोमवार को किया जाएगा। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मशहूर खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

- समापन समारोह में बाईचुंग भूटिया होंगे शामिल

बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संभाग स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किय गया है। इस प्रतियोगिता के में विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों से आए खिलाड़ियों ने न केवल मेडल की दौड़ में अपनी जगह बनाई है, बल्कि अपने उत्कृष्ट खेल कौशल से खेल प्रेमियों का दिल भी जीत लिया है। रविवार को प्रतियोगिता में महिला हॉकी के मुकाबलों में जशपुर जिले की टीम ने तकनीकी कौशल और सटीक तालमेल के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम की कप्तान सुश्री सुप्रिया तिग्गा ने इस मंच के लिए शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के ट्राइबल बच्चों को अपनी छिपी हुई प्रतिभा निखारने के लिए यह एक शानदार मंच मिला है। बास्केटबॉल खेलने आई महिला खिलाड़ियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासन ने एक ऐसा मंच प्रदान किया है जहां अलग-अलग जिलों के खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।





प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी।

12 खेल विधाओं में आयोजित सरगुजा ओलंपिक में 100 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (पुरुष) में गोविंद गुप्ता (जशपुर) ने प्रथम, सईल अंसारी (सूरजपुर) ने द्वितीय तथा अभिषेक कश्यप (बलरामपुर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में टी. नाग. उमेश्वर राव (एमसीबी) प्रथम, जितेन्द्र चौधरी (बलरामपुर) द्वितीय तथा शेर सिंह (सरगुजा) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 17 वर्ष से कम आयु में रिया तिर्की (जशपुर) प्रथम, संजना सिंह (सूरजपुर) द्वितीय तथा बबीता (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अंजु सिंह (सूरजपुर) प्रथम, अंकिता यादव (एमसीबी) द्वितीय तथा अनीषा पन्ना (जशपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में अरुण कुमार (अम्बिकापुर) प्रथम, राकेश एक्का (जशपुर) द्वितीय तथा नीतिश कुमार (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (महिला) में सिमरन सिंह (कोरिया) प्रथम, संगीता (सूरजपुर) द्वितीय तथा निर्मला (बलरामपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (महिला) में स्नेहा (कोरिया) प्रथम, सुमन (एमसीबी) द्वितीय तथा मानती (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग (पुरुष) में यदुवंश (कोरिया) प्रथम, इंद्रजीत (सरगुजा) द्वितीय तथा रुपेश चौहान (जशपुर) तृतीय स्थान पर रहे। 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग (पुरुष) में विश्वनाथ तिग्गा (जशपुर) प्रथम, सुनील कुमार (बलरामपुर) द्वितीय तथा योगेन्द्र सिंह (सूरजपुर) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में 17 वर्ष से अधिक आयु में प्रज्ञा राजवाड़े (सूरजपुर) प्रथम, अंकिता राजवाड़े (कोरिया) द्वितीय तथा लक्ष्मी सिंह (सरगुजा) तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में रिया (सूरजपुर) प्रथम, सुरोमनी बाई (जशपुर) द्वितीय तथा प्रमिला (कोरिया) तृतीय स्थान पर रहीं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411